Regarding inclusion of the Lalganj Barabanki stretch in the Bada Bahraich National Highway Project

श्री तनुज पुनिया (**बाराबंकी**) **:** महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

मैं आज आपके माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा । एक नया राष्ट्रीय राजमार्ग हमारे उत्तर प्रदेश में आपने दिया है, इसके लिए माननीय मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग की बात कर रहा हूँ । इसमें बांदा से लालगंज एवं बाराबंकी से बहराइच तक का प्रस्तावित है । इसमें आपका प्रस्ताव सम्मिलित हो चुका है और इसकी डीपीआर भी बनवायी जा रही है । इसमें लालगंज और बाराबंकी के बीच का 110 किलोमीटर का जो खण्ड है, उस पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है । उसका कोई प्रस्ताव अभी तक नहीं दिया गया है । इस खण्ड पर बहुत ट्रैफिक भी रहता है, औद्योगिक और कृषि ट्रैफिक भी इस खण्ड पर बहुत देखा गया है, इस पर काफी भीड़ रहती है और इसी को सम्मिलित नहीं किया गया है । हमारे बाराबंकी विशेषकर हैदरगढ़ क्षेत्र का जो ट्रैफिक है, वह बहुत प्रभावित हो रहा है । मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि लालगंज से बाराबंकी का जो 110 किलोमीटर का खण्ड है, इसको भी प्रस्ताव में सम्मिलित किया जाए और जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई हो । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।